## खबर संक्षेप

### अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाने की तैयारी जोरों पर

**दमुआ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महामाया महिला मण्डल सैनिक दल एवं करूणा बुद्ध विहार समि दिमुआ के तत्वाधान में युग पुरूष संविधान शिल्पी भारत रत्न परम पूज्य बोधिसत्व डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी की 135 वी जयंती समारोह का कार्यक्रम दिनांक 14 अप्रैल दिन मंगलवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है अतः आप समस्त महानुभाव गणमान्य नागरिक व्यापारी बन्धु स्वजाति बन्धु समाजसेवी आदि समस्त जनो से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान बुद्ध विहार समिति दमुआ द्वारा किया गया है। अतः कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदंत धम्मसारथी, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर बुद्धिस्ट सेमिनरी नागपुर महाराष्ट्र होगें जबकि कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे धम्मध्वज ध्वजारोहण एवं विशाल वाहन रैली करूणा बुद्ध विहार दमुआ , प्रातः 11:00 बजे ध्वजा रोहण सुखराम दफाई, नंदन, प्रातः 11:30 बजे ध्वजारोहण, न्यू माईनस डबल स्टोरी दमुआ, दोपः 12:00 बजे ध्वजारोहण पुराना दमुआ माईनस, दोप 12:30 बजे ध्वजारोहण पंचशील पार्क राखीकोल, दोपः 01:00 बजे ध्वजारोहण मेगजीन दफाई में मनाई जाएगी।

### कन्या स्कूल मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती

**सौंसर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सौसर में शनिवार को महान समाज सुधारक, शिक्षण महर्षि और दलितों-पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाने वाले 'ज्ञानसूर्य' महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और शिक्षक स्टाफ ने महात्मा फुले के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन किया। आयोजन में प्राचार्य भास्कर गावंडे ने कहा कि महात्मा फुले आधुनिक भारत में दलितों, शूद्रों और पिछड़ों की शिक्षा की नींव रखने वाले महान युगपुरुष थे। उन्होंने शिक्षा को समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त किया।राजरतन बागड़े सूर्यकीर्ति काले ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान के माध्यम से महिलाओं को जो शिक्षा और समानता का अधिकार डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने दिलाया, उसकी प्रेरणा उन्हें अपने सामाजिक गुरु महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों से ही प्राप्त हुई थी।

### लेखन कार्य अधूरा, गलत प्रिंट आउट चिपकाकर निभाई औपचारिकता, छात्र संवाद कार्यक्रम में सामने आई खामियां

# नए कॉलेज भवन में भारी लापरवाही उजागर मंत्री दौरे में प्रबंधन की तैयारी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया स्थित नए महाविद्यालय भवन में व्यवस्थाओं को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके के प्रस्तावित दौरे के दौरान महाविद्यालय प्रबंधन की तैयारियों की वास्तविकता उजागर हो गई। जहां एक ओर इस दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों के दावे किए जा रहे थे, वहीं दूसरी ओर मौके पर बुनियादी व्यवस्थाओं का अभाव साफ नजर आया।







### कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही आई सामने

जानकारी के अनुसार, नए कॉलेज भवन का लोकार्पण पूर्व में ही किया जा चुका था। ऐसे में मंत्री के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को अंतिम समय में बदलकर छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। हालांकि, इस कार्यक्रम के दौरान भवन की स्थिति और व्यवस्थाओं ने प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया।सबसे बड़ी कमी भवन में लेखन कार्य के अभाव के रूप में सामने आई। किसी भी शासकीय भवन में कक्षों की पहचान के लिए स्पष्ट और स्थायी संकेतक लगाए जाना आवश्यक होता है, ताकि आगंतुकों और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। लेकिन इस नए भवन में कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, शौचालय और अन्य महत्वपूर्ण कक्षों के बाहर कोई स्थायी लेखन कार्य नहीं किया गया था।

### कॉलेज प्रबंधन ने दिखाई जल्दबाजी

मंत्री के दौरे की सूचना मिलते ही महाविद्यालय प्रबंधन ने जल्दबाजी में कंप्यूटर से प्रिंट आउट निकालकर कक्षों के बाहर चिपकाने का काम किया। यह व्यवस्था अस्थायी होने के साथ-साथ लापरवाही से भरी हुई थी। कई प्रिंट आउट में शब्दों की अशुद्धियां भी देखने को मिलीं, जिससे स्थिति और भी हास्यास्पद बन गई।सबसे अधिक चर्चा का विषय छात्र शौचालय और गर्ल्स हॉस्टल के शौचालय के बाहर लगाए गए प्रिंट आउट बने, जिनमें 'शौचालय' शब्द तक सही ढंग से नहीं लिखा गया था। यह न केवल प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि काम को केवल औपचारिकता के तौर पर पूरा किया गया। उपस्थित लोगों ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि ये प्रिंट आउट हट जाते या गिर जाते, तो विद्यार्थियों और आगंतुकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ सकता था।इस पूरे मामले में निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

### प्रशासनिक समन्वय की कमी एवं जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति

यह सवाल उठता है कि जब भवन का निर्माण कार्य पूरा हुआ, तो लेखन कार्य क्यों नहीं कराया गया। साथ ही, महाविद्यालय प्रबंधन ने बिना पूर्ण कार्य के भवन को अपने अधीन कैसे ले लिया। यह प्रशासनिक समन्वय की कमी और जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति को दर्शाता है।कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महापौर, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी वर्ग और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में इस तरह की खामियां सामने आना न केवल प्रबंधन की छवि को प्रभावित करता है, बल्कि शासकीय व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े करता है।

### कार्यशैली को लेकर असंतोष

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रबंधन ने अपनी गलती सुधारने का प्रयास करते हुए प्रिंट आउट को बदलकर सही शब्दों के साथ पुनः चिपकाया। हालांकि, तब तक यह मामला चर्चा का विषय बन चुका था और लोगों के बीच प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर असंतोष स्पष्ट रूप से देखा गया। यह घटना इस बात का उदाहरण है कि शासकीय संस्थानों में गुणवत्ता और जवाबदेही को लेकर अभी भी गंभीरता की कमी बनी हुई है। यदि समय रहते इन खामियों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में भी इस तरह की लापरवाही सामने आती रहेगी, जिसका खामियाजा आम विद्यार्थियों और जनता को भुगतना पड़ेगा।

### विद्यार्थियों से किया संवाद



संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मंत्री श्री उइके से प्रश्न पूछे। एक छात्रा द्वारा क्षेत्र में नई योजनाओं या प्रोजेक्ट के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सरकार जनजातीय वर्ग के कौशल उन्नयन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के साथ अन्य विभाग भी युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। एक छात्र द्वारा तामिया में स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाएं प्रारंभ करने के संबंध में प्रश्न पूछे जाने पर मंत्री श्री उइके ने कहा कि शासन आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है और इस विषय पर आवश्यक चर्चा कर उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रवास के दौरान मंत्री श्री उइके ने महाविद्यालय परिसर में हरसिंगार का पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर श्री विक्रम अहके, राज्य भारिया प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ग्राम मोयापानी में होम स्टे का किया भ्रमण

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके द्वारा तामिया प्रवास के दौरान विकासखंड तामिया के ग्राम मोयापानी पहुंचकर श्री बलीराम सत्यम के होम स्टे का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने होम स्टे की व्यवस्थाओं एवं स्थानीय स्तर पर संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। प्रवास के दौरान मंत्री श्री उइके द्वारा स्थानीय व्यंजनों सरसों का साग एवं मक्के की रोटी का स्वाद लिया गया। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जिला राज्य में सर्वाधिक होम स्टे संचालित करने वाले जिलों में शामिल है, जहां तामिया क्षेत्र विशेष रूप से ग्रामीण पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। इस अवसर पर महापौर श्री विक्रम अहके, राज्य भारिया प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### हाईकोर्ट ने जांच पर जताया भरोसा

# कोल्ड्रिफ कफ सिरप कांड में आरोपी बढ़ाने की याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया कोयलांचल को झकझोर देने वाले बहुचर्चित कोलड्रिफ कफ सिरप कांड में और आरोपी बढ़ाए जानी वाली याचिका को हाई कोर्ट ने ख़ारिज कर दिया है । न्यायालय ने एस आई टी की जांच पर भरोसा जताया है।

गौरतलब है कि परासिया में कोलड्रिफ कफ सिरप के चलते 25 मासूम बच्चों की जान चली गई ।इस घटना के बाद गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूरे प्रकरण की गहन और बारीकी से जांच करते हुए चिकित्सकों और मेडिकल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की थी । अब तक श्रीसन फार्मा कंपनी के प्रमुख गोविंदम रंगराजन सहित 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है ।

इस मामले मे 31 मार्च 2026 को उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर मांग की गई थी , कि इस मामले में और भी चिकित्सकों एवं संबंधित लोगों को आरोपी बनाया जाए । याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय न्यायाधीश ने 10 अप्रैल 2026 को इसे निरस्त (डिस्पोज) कर दिया । न्यायालय के इस फैसले को एसआईटी जांच पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है । जांच टीम ने पूरे प्रकरण में पारदर्शिता और विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।

गौरतलब है कि इस सनसनीखेज मामले में अब तक किसी भी आरोपी को जमानत नहीं मिल सकी है । जिससे मामले की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है ।इस फैसले के बाद अब पूरे क्षेत्र की निगाहें आगे की न्यायिक प्रक्रिया और अंतिम निर्णय पर टिकी हुई हैं ।

# रेत का अवैध परिवहन, ट्रैक्टर-ट्रॉली पकडाई



**पांढुर्णा।** आज 11 अप्रैल को खनिज विभाग पांढुर्णा ने पांढुर्णा तहसील अंतर्गत ग्राम धनोरा-अंबाडा मार्ग पर रेत का अवैध परिवहन करते हुए बिना नंबर वाले नीले रंग का सोनालिका डीआई ट्रैक्टर ट्रॉली सहित पकडा। खनिज विभाग के अधिकारियों ने ट्रैक्टर - ट्रॉली को खनिज सहित जब्त कर नांदनवाडी पुलिस चौकी में पुलिस अभिरक्षा में रखा है। विभाग ने खनिज के अवैध परिवन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। इस कारवाई के दौरान सहा. खनिज अधिकारी महेश नगपुर सहित अमला उपस्थित रहा।

## सामूहिक विवाह सम्मेलनः 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे




**सौंसर।** महानत्यागी बाबा जुमदेव जी की प्रेरणा से 'परमात्मा एक' आनंदधाम सवरनी द्वारा नगर परिषद सभागृह में भव्य व्यसनमुक्ति अभियान एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल जरूरतमंद परिवारों के लिए मददगार साबित हुआ, बल्कि इसने समाज को नशामुक्त रहने और आपसी भाईचारे का सशक्त संदेश भी दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र शासन द्वारा 'महात्मा गांधी व्यसनमुक्त गौरव पुरस्कार' से सम्मानित लक्ष्मणराव मेहर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते भाजपा नेता डॉ. गुलाबराव पांडे,लोधीखेड़ा टीआई ए.बी. मर्सकोले आदि थे। मंच पर विजय हटवार, देवराव मेश्राम, प्रमोद भलावी, दिलीप सादेकर, संजय कावरे, गणपति चावरे, बापू मोहोड, शंकर सोनटक्के, बाबूराव करवरे और आयोजक नंदकिशोर तांडेकर भी आसीन थे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को दीमक की तरह खोखला कर देता है। इसे जड़ से मिटाने के लिए जनजागरूकता और संस्कारों की आवश्यकता है। सम्मेलन के दौरान 15 जरूरतमंद वर-वधुओं का विवाह विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। नवदंपतियों को संस्था की ओर से उपहार भेंट किए गए। इस पुनीत कार्य में जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप मोहोड की ओर से भोजनदान की व्यवस्था की गई। आयोजक नंदकिशोर तांडेकर ने बताया कि संस्था प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन के माध्यम से समाज को जोड़ने और कुरीतियों को मिटाने का प्रयास करती है।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने भरी हुंकार

### विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को नगर में अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेश भर में चल रहे शिक्षक आंदोलन के क्रम में शनिवार को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश एवं समस्त अध्यापक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय तहसील कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

बड़ी संख्या में जुटे शिक्षकों ने शासन की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर में विशाल रैली निकाली और तहसीलदार भावना मलगाम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रसारित टीईटी परीक्षा के विवादास्पद आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए।

साथ ही, शिक्षकों ने मांग की कि विभाग शिक्षक संवर्ग के हितों की रक्षा के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी पुनर्विचार याचिका दायर करे। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने हुंकार भरते हुए कहा कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग को ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण का लाभ दिया जाए।

उनकी मुख्य मांग है कि पेंशन और अन्य लाभों के लिए सेवा अवधि की गणना उनकी शिक्षकों का कहना है कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें वरिष्ठता का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। तहसील कार्यालय के बाहर धरने के पश्चात शिक्षकों ने नगर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली। रैली के दौरान शिक्षक अपनी मांगों के समर्थन में तख्तियां लेकर चल रहे थे और जमकर नारेबाजी कर रहे थे।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन स्तर पर उनकी मांगों का जल्द निराकरण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। तहसील कार्यालय के सामने संपन्न हुए धरना प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों के द्वारा मांगों को लेकर प्रशासन एवं सरकार पर जमकर प्रहार भी कियाइस अवसर पर प्रेमराज लांडे, चंद्रशेखर सालबर्ड,दिनेश होलकर, रविन्द्र घुगलसंदीप चौधरी,श्रीमती संजीवनी आमने आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जनजातीय मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकज का किया भव्य स्वागत

**छिन्दवाड़ा।** भाजपा जनजातीय मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकज टेकाम के छिन्दवाड़ा आगमन पर सांसद कार्यालय में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष श्री टेकाम से भाजपा नेताओं ने मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में जनजातीय मोर्चा के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी और उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष पंकज टेकाम ने दोनों जिलों में जनजातीय मोर्चा द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए संगठन के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता टीकाराम चंद्रवंशी, अलकेश लांबा, जगेन्द्र अल्डक, संतोष पटेल, अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, श्रीमती लीला बजोलिया, श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर, आशुतोष वाडिवा, कमलेश परतेती, जयदेव उईके, नीलू क्षत्रिय, निशा गोस्वामी, दीपक नेमा, मयूर पटेल, आलोक साहू आदि मौजूद रहे।

## समर कैंप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश और उनकी माताजी को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन का एक प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब खेल प्रतिभाओं के विकास हेतु समर्पित संस्था आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित समर कैंप के दौरान एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित सौभाग्य फिटनेस जिम के संचालक पत्रकार एवं अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर योगेश राठौर का सम्मान किया गया। उन्होंने हाल ही में थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित कर न केवल जुन्नारदेव, बल्कि पूरे छिंदवाड़ा जिले और मध्यप्रदेश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है।कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति और परंपरा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अकादमी द्वारा योगेश राठौर की पूज्य माताजी का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ, मिठाई और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शीतल राठौर का भी अभिनंदन किया गया, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ देकर इस सफलता को संभव बनाया। यह सम्मान केवल एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि उस परिवार के त्याग, समर्पण और सहयोग का प्रतीक रहा।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा, दो भाइयों की मौत

### पांढुर्णा में भीषण सड़क हादसा, अस्पताल भी नहीं पहुंच पाए मृतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



शनिवार दोपहर घनपेठ बायपास पर एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। भोपाल की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार ने सड़क पार कर रहे दो बाइक सवार भाइयों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक करीब 300 फीट दूर जाकर गिरी।

### बिजली की गति से आई मौत

जानकारी के अनुसार, भवानी वार्ड निवासी अनिल जुननकर (60 वर्ष) और उनके छोटे भाई प्रकाश (40 वर्ष) दोपहर करीब 2:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमपी 28 एमएच 5125 से घर से निकले थे। जैसे ही वे घनपेठ बायपास पार करने लगे, तभी भोपाल से नागपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार क्र. एमएच 01 डीटी 1519 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार की गति 'बिजली' के समान तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया।

### नहीं मिला अस्पताल ले जाने का मौका

हादसा इतना भयावह था कि टक्कर लगते ही दोनों भाई हवा में उछलकर दूर जा गिरे। बाइक के परखच्चे उड़ गए और वह घिसटते हुए घटनास्थल से 200-300 फीट दूर जा फेंकी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी जानलेवा थी कि दोनों भाइयों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया; उन्हें अस्पताल ले जाने तक का समय भी नहीं मिल सका।

### कार सवार ने थाने में किया आत्मसमर्पण

दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। नागपुर निवासी कार सवार चालक ने भागने के बजाय सीधे पुलिस थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद भवानी वार्ड सहित पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है। एक साथ दो सगे भाइयों की मौत से जुननकर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### 15 गुमटियों पर की कार्यवाही

# परासिया रोड व नागपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने परासिया रोड स्थित डी-मार्ट के सामने सड़क किनारे अवैध रूप से लगी 15 गुमटियों को हटाया। कार्रवाई के दौरान निगम अमले ने मौके पर मौजूद लोगों को पहले ही समझाइश दी, जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस अभियान के चलते क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी सुचारू हुई। इसी प्रकार नागपुर रोड पर चर्च के बाजू में संचालित हो रही एक बिरयानी दुकान को भी हटाया गया, जो सड़क किनारे अवैध रूप से स्थापित थी। नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने कहा कि शहर में अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एचपी गैस उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत

# अब घर बैठे जानें आपकी गैस एजेंसी, भटकने की जरूरत खत्म

छिंदवाड़ा। जिले के एचपी गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए एचपीसीएल के डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर अभिजीत सूर्यवंशी द्वारा नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत गैस बुकिंग को तीन स्थानीय एजेंसियों मधु राधास्वामी गैस एजेंसी (पुराना आरटीओ रोड, मुल्ला जी पेट्रोल पंप के पास), छिंदवाड़ा गैस एजेंसी (आदिल होटल के पीछे, यातायात थाना के पास) और अतिशय गैस एजेंसी (लालबाग, सुनील बजाज शोरूम के सामने) में स्थानांतरित किया गया है। अब उपभोक्ताओं को अपनी एजेंसी की जानकारी के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर या दिए गए लिंक के माध्यम से आसानी से पता लगा सकते हैं कि उनकी बुकिंग किस एजेंसी में ट्रांसफर हुई है और उन्हें गैस सिलेंडर कहां से प्राप्त होगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अधिक बुकिंग के कारण कुछ उपभोक्ताओं का ट्रांसफर अभी प्रक्रिया में है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे स्वयं एजेंसी पर न जाएं, संबंधित एजेंसी के संचालक उनसे संपर्क कर गैस सिलेंडर घर तक पहुंचाएंगे।

### प्रशासन की सघन तैयारियां, विभिन्न विभागों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारियां

# सामूहिक विवाह/निकाह की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा




पांढुर्णा विधायक निलेश उइके की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत 19 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जनपद पंचायत सभागृह पांढुर्णा में विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अल्का एक्का, नगर पालिका अध्यक्ष श्री संदीप घाटोड़े, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता तुमडाम, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती बंदू सूर्यवंशी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में तय किया गया कि बारात का प्रस्थान नगर पालिका परिषद पांढुर्णा स्थित लक्ष्मी स्मृति मंगल भवन से प्रातः 9:00 बजे होगा, जो 10:00 बजे कृषि उपज मंडी समिति शेड परिसर पहुंचेगी। विवाह कार्यक्रम का आयोजन भी इसी स्थल पर किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मंच संचालन की जिम्मेदारी जनपद पंचायत एवं बीआरसी स्तर के अधिकारियों को दी गई है। बारात एवं विवाह स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं परिसर व्यवस्था नगर पालिका परिषद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी, जबकि बैंड-बाजा एवं आतिशबाजी की व्यवस्था विधायक प्रतिनिधि द्वारा कराई जाएगी। टेंट, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं जनपद पंचायत द्वारा निविदा के माध्यम से कराई जाएंगी। भोजन वितरण कूपन प्रणाली के तहत किया जाएगा, जिसमें वर एवं वधू पक्ष को 15-15 कूपन प्रदान किए जाएंगे। दूल्हा-दुल्हन के बैठने के लिए मंच एवं मंडप निर्माण की व्यवस्था भी जनपद पंचायत द्वारा की जाएगी। दुल्हनों को मंच तक लाने की जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सौंपी गई है, जबकि दूल्हों की व्यवस्था विकासखंड स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में वर-वधू की उपस्थिति जल संसाधन एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। स्वागत एवं वरमाला की जिम्मेदारी उद्यानिकी विभाग को दी गई है। मंच पर अतिथियों के बैठने एवं उनके लिए पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। फोटोग्राफी की व्यवस्था उद्यान विभाग द्वारा कराई जाएगी। विद्युत व्यवस्था मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निर्बाध रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। चिकित्सा सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों की टीम, एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाइयों के साथ उपलब्ध रहेगी।

# धीमी गति से हो रहा पुल निर्माण डीआरएम को लिखा गया पत्र

### निर्माण एजेंसी को भी गति बढ़ाने के मिले निर्देश

**परासिया** :- परासिया - तामिया मार्ग पर ब्रिज नंबर 960/4 का निर्माण कार्य धीमी गति से हो रहा है । इस मामले में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने रेलवे डी आर एम नागपुर को पत्र लिखा है , तो वहीं स्थानीय रेलवे इंजीनियर ने निर्माण एजेंसी को निर्माण गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ।परासिया - तामिया मार्ग पर स्तिथ रेलवे ब्रिज नंबर 960/4 के पुर्ननिर्माण और चौड़ीकरण के चलते 04 नवंबर 2025 से 04 अप्रैल 2026 तक इस मार्ग से आवागमन बंद किया गया था । निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी निर्माण अधूरा है । जिसके चलते आवागमन बंद है और लोगों को परिवर्तित मार्गों से आना - जाना पड़ रहा है । रेलवे इंजीनियर ने अपने अवलोकन में निर्माण में धीमी गति पाई तो निर्माण एजेंसी को निर्माण गति बढ़ाकर 30 अप्रैल तक इस मार्ग से आवागमन शुरू करने के लिखित निर्देश दिए हैं , तो वहीं नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने डी आर एम को लिखे गए पत्र में कहा है , कि 4 अप्रैल तक मार्ग शुरू हो जाना था , पर नहीं हुआ । निर्माण की गति देखकर लगता है , कि अभी और 2 - 3 महीने लगेंगे । यह मार्ग बंद होने से लोगों को खासी परेशानी हो रही है । खास कर व्यापारी वर्ग को खासा नुकसान हो रहा है । दोनों वैकल्पिक मार्ग भी अच्छे नहीं है । बारिश से पहले निर्माण पूरा नहीं हुआ तो , परेशानी बहुत गंभीर हो जाएगी ।



# ज्योतिबा फुले जयंती पर माली समाज ने निकाली वाहन रैली

### बड़ी संख्या में सामाजिक लोग रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला माली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में भव्य वाहन रैली का आयोजन दिनांक 11 अप्रैल 2026 को स्थानीय माली समाज महात्मा फुले भवन नोनिया वार्ड नं.40 में जयंती का आयोजन किया साथ ही भव्य वाहन रैली निकाली।

उक्ताशय की जानकारी प्रचार मंत्री दिलीप चरपे एवं संयोजक भाउराव चरपे ने देते हुये बताया कि इस अवसर पर प्रातः 10 बजे भव्य रैली का आयोजन किया जो गढ़कालिका मंदिर कालीपाठा, शांति कॉलोनी,बगलामुखी माता मंदिर, बगलामुखी चैक से होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर माली समाज महात्मा फुले भवन नोनिया वार्ड नं. 40 में रैली का समापन हुआ।

तत्पश्चात सभी सामाजिक बंधुओं द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया । इसके बाद समाज के वरिष्ठजनों का फूल माला से सम्मानित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया और स्वल्पाहार का वितरण किया । इस अवसर पर देवानंद निकाजू अध्यक्ष, ज्ञानेश्वर कनेरे कोषाध्यक्ष, गणेश कारटे संगठन मंत्री, विजय घोरसे (गब्बर) कार्यवाहक अध्यक्ष, हरिभाऊ बाडबुदे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय दास उपाध्यक्ष, भैयालाल (मुन्ना) चरपे उपाध्यक्ष, विनोद कारटे उपाध्यक्ष ,सत्येन्द्र सेमेकार उपाध्यक्ष, महेन्द्र सातपुते सचिव, तुलसीराम चोरकर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, राधेश्याम घोरसे सोशल मीडिया प्रभारी, प्रभाकार आलोने, राजकुमार आलोनकर कार्यक्रम प्रभारी, राजेश भगत सहसचिव, मनीष सातपुते प्रचार मंत्री, महिला कार्यकारिणीः- अनिता चरपे संरक्षक मीराबाई वाड़बुदे संरक्षक, सुमन बाई भुसानकर संरक्षक, लक्की चोरकर अध्यक्ष,शुभांगी घोरसे महामंत्री आदि मौजूद रहे।

## अटल घाट में नगर भाजपा ने की सफाई



**परासिया।** नगर भाजपा न्यूटन के द्वारा गांव चलो बस्ती चलो स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत पेंच नदी के अटल घाट में सफाई की गई , इसके अलावा नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं , नवनियुक्त मनोनित पार्षदगणों , लाडली बहनों और सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया । उक्त कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी की विशेष उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अशवनी यदुवंशी , मनोनित पार्षदगण इन्द्रपाल साहु , रमेश साहु, बिट्टू भनारिया , अनिल वानखेड़े , शक्ति केंद्र प्रभारी हरि आठनकर ,रवि सौनवंशी , उपाध्यक्ष सोनू पंडित, अल्केश डेहरिया , भाजपा नेता सतीश रडवे , नितिन जायसवाल , रिंकु घोरके , श्याम श्रीवास्तव , बलराम साहू , सुनील पाल , दीपक विश्वकर्मा , रवि ठाकुर , रोहित पटेल , मोहित पटेल , अयान खान , बाकु यदुवंशी , दिनेश यदुवंशी , कोमल यदुवंशी , भरत याढव , गोविन्द यदुवंशी , गोंठल यदुवंशी , नवनीत डेहरिया , लखन डेहरिया , भोला पंडित एवं मातृशक्ति कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती, माली समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



स्थानीय महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज संगठन द्वारा आज महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नगर में एक विशाल एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। जयंती समारोह का शुभारंभ प्रातः 8 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले माली समाज भवन में हुआ। यहाँ समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।

**ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले की झांकियों ने मोहा मन**

पूजन के पश्चात समाज के पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने एकजुट होकर नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा मजदूर केंद्र, जय स्तंभ चौक, श्री राम मार्केट से होते हुए गुजरी बाजार, चंडिका मार्केट, स्वामी विवेकानंद चौक, मुख्य मार्ग, शिवाजी चौक और तीन शेर चौक से गुजरते हुए राजीव गांधी मार्केट होते हुए शहर के सरगम मंगल कार्यालय पहुंची। शोभायात्रा में महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले की बनाई गई आकर्षक झांकियां पूरे नगर में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

सरगम मंगल कार्यालय में हरिभक्त परायण अशोकजी के हस्ते 'गोपाल काला' का कीर्तन संपन्न हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के जीवन चरित्र, उनके संघर्षों और समाज सुधार के महान कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा समाज को उनके पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में माली समाज संगठन प्रमुख पदाधिकारी और समाज के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की विशेष भूमिका रही।

# जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा गया व्यक्ति, न्यायालय में पेश



हरिभूमि न्यूज उकवा।

वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य परिक्षेत्र अंतर्गत वन विभाग की सतर्कता से एक व्यक्ति को जंगल में आग लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। भ्रमण के दौरान वन कक्ष क्रमांक 1803 में एक व्यक्ति शोभाराम पिता रूपसिंह द्वारा आग लगाया जा रहा था। घटना के बाद विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया।वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गश्त के दौरान टीम ने संदिग्ध गतिविधि देखी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को आग लगाते हुए पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।अधिकारियों ने बताया कि जंगल में आग लगाना एक गंभीर अपराध है, जिससे वन संपदा, वन्यजीव और पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई।बाद में आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से आगे की कार्यवाही जारी है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगलों में आग न लगाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# बोलेगांव स्कूल में रात के अंधेरे में तोड़फोड़, स्मार्ट टीवी और खिड़की क्षतिग्रस्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले की लांजी तहसील स्थित बोलेगांव के शासकीय उच्च माध्यमिकf विद्यालय (सांदीपनि) में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 9 अप्रैल 2026 की बताई जा रही है, जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने थाना लांजी में शिकायत दर्ज कराने के लिए आवेदन सौंपा है।जानकारी के अनुसार, विद्यालय के माध्यमिक विभाग (कैंपस-2) में प्रतिदिन की तरह 9 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे शैक्षणिक स्टाफ, विद्यार्थी और सफाई कर्मचारी पहुंचे। स्कूल खुलने के बाद जब कक्षाओं की साफ-सफाई की जा रही थी, तब कक्षा आठवीं में लगे स्मार्ट टीवी और बोर्ड को पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाया गया। इसके साथ ही कक्षा की एक खिड़की का पल्ला भी गायब मिला, जिससे घटना को लेकर गंभीर आशंका जताई जा रही है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला रात के समय का प्रतीत होता है, जब अज्ञात लोगों ने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और स्मार्ट टीवी/बोर्ड को शराब की बोतल और पत्थरों से तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। इस घटना से विद्यालय की संपत्ति को काफी क्षति हुई है और छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित होने की आशंका है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा थाना प्रभारी लांजी को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। साथ ही घटना स्थल के फोटो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

### मरार माली समाज ने पुष्पांजलि अर्पित कर शिक्षा और समानता के संदेश को किया आत्मसात

# चौंदाटोला में गूंजे फुले के जयकारे, 200वीं जयंती पर उमड़ा जनसमूह



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम चौंदाटोला (पोस्ट टेमनी) में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मरार माली समाज के सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हुए और माता सावित्रीबाई फुले एवं महात्मा फुले के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में भव्य रैली निकाली गई, जिसमें बाजे-गाजे के साथ "महात्मा ज्योतिबा फुले अमर रहें" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने महात्मा फुले के आदर्शों को अपनाने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया।मरार माली समाज के सदस्यों ने अपने वक्तव्य में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले केवल एक महान समाज सुधारक ही नहीं, बल्कि एक आदर्श शिक्षक भी थे। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम मानते हुए महिलाओं, दलितों और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। वहीं माता सावित्रीबाई फुले ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देकर समाज में नई जागरूकता का संचार किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि दोनों महान विभूतियों ने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और शिक्षा के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। इसी कारण उन्हें शिक्षा जगत के अग्रदूत के रूप में सम्मानित किया जाता है।इस अवसर पर समाजजनों ने आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को और अधिक भव्य एवं विशाल रूप से मनाने का आह्वान किया। साथ ही ग्रामवासियों से उस दिन अन्य किसी कार्यक्रम का आयोजन न करने की अपील की गई, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सामाजिक आयोजन में भाग ले सकें।कार्यक्रम में खेमलाल मात्रे, दिलीप कावरे, पंकज कावरे, ईश्वरदास कावरे, महेश मात्रे, प्रदीप पंचाले, डॉ. बाहे, लखन कावरे, गणपत मात्रे एवं शिवराम कावरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की वारासिवनी तहसील कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न, विजय दखने अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




गत दिनों मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तहसील शाखा वारासिवनी की एक अत्यावश्यक बैठक राज्य कर्मचारी संघ कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं संरक्षक प्रणय श्रीवास्तव अश्क एवं तत्कालीन तहसील अध्यक्ष पंचम हनवत के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

जिसमें उपस्थित सदस्यों एवं तत्कालीन पदाधिकारियों द्वारा सर्वसहमति से नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन सत्र 2026- 27 हेतु किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष पद पर विजय दखने को चुना गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव एवं उपस्थित सदस्यों के आपसी विचार विमर्श से नवीन कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।

जिसमें तहसील उपाध्यक्ष उदेलाल तुरकर, प्रशांत डिब्बे व अनिता पारधी, सहसचिव जितेंद्र डोंगरे, कोषाध्यक्ष लखपति बिसेन, कार्यकारिणी सदस्य पद पर क्रमशः झंकार सिंह भगत, इनकेल कुमरे, मानसी घरड़े, यशपाल चौधरी, मिताली शुक्ला, संगीता वैष्णव, अन्नू राहंगडाले, प्रियंका देशमुख, विजय कुमार गजभिये व राम चौहान को चुना गया।

इसी परिप्रेक्ष्य में विकासखंड स्तरीय कार्यकारिणी का निर्वाचन भी सम्पन्न हुआ। जिसमें विकासखंड अध्यक्ष प्रमोद कटारे, उपाध्यक्ष मिलिंद बिसेन, अशोक पारधी, संगीता वाहिले, महासचिव विशाल वाहने, कोषाध्यक्ष भवानी बिसेन, सह सचिव संतोष वाल्दे, कार्यकारिणी सदस्य क्रमशः ज्ञानेंद्र पटले, कुमुदिनी पंवार, लोकेश लांजेवार, विपिन गजभिये, किसन मसखरे, राखी कटारे, सारिका खंडेलकर, सोनम कटरे, अनिल रंगारे, दिव्या गनवीर, वंदना नागरे को सर्वसहमति से चुना गया।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य आगामी 2 एवं 3 मई को अमरकंटक में आयोजित होने वाले अभ्यास वर्ग में सम्मिलित होकर प्रशिक्षित भी होंगे। प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सायं काल साढ़े 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक संगठन की मासिक बैठक कार्यालय में ही आयोजित होते रहेगी।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को संरक्षक प्रणय श्रीवास्तव अश्क एवं पंचम हनवत ने अपनी शुभकामनाएं, बधाई, आशीर्वाद देते हुए भारतीय मजदूर संघ की क्या पहचान, त्याग तपस्या और बलिदान के नारे को हमेशा ध्यान में रखते हुए राष्ट्र हित, उद्योग हित एवं कर्मचारी अधिकारी हित में अच्छे कार्य करते रहने का उद्बोधन देते हुए सभी का मुंह मीठा करवाया गया।

### नशे से लड़ाई हर व्यक्ति का कर्तव्य है- एसडीएम ठाकुर

# सेलवा गांव में नशे के खिलाफ लगी चौपाल

### बेचने वाले पर 20 हजार और हुड़दंग करने वालों पर 5 हजार का जुर्माना किया गया तय



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** किसी भी तरह का नशा एक सामाजिक बुराई है और इससे लड़ने के लिए समाज को मिलकर कदम उठाने होंगे। यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि परिवार, समुदाय और आने वाली पीढ़ियों पर गहरा असर डालती है। गांव की महिलाओं ने गांव को शराब मुक्त बनाने का जो फैसला लिया है। वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। नशे के खिलाफ जंग की शुरुआत घर से की जाए तो और अधिक बेहतर है। किसी भी प्रकार का नशा अचानक से छूट जाए यह इतना आसान नहीं है लेकिन नशे को छोड़ा ना जा सकें यह असंभव भी नहीं है। यह विचार अनुविभागीय अधिकारी के.सी.ठाकुर ने शनिवार को प्रखंड की ग्राम पंचायत सेलवा के पंचायत भवन में महिलाओं के द्वारा आयोजित चौपाल में कहीं। उन्होंने कहा कि गांव में बसाहट के बीच संचालित होने वाली शराब दुकान का विस्थापन एक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। पंचायत और ग्रामीण विधिवत प्रक्रिया के तहत शराब दुकान का विस्थापन कराने की मांग कर दुकान को अलग विस्थापित करवा सकते है। गांव में संचालित होने वाली शराब दुकान की स्थिति से वह अपने वरिष्ट अधिकारियों को अवगत करवाएगें। इस दौरान नायब तहसीलदार पी.एल.साडया, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, पंचायत सरपंच देवेन्द्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। महिलाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि उनके गांव में नशा किस तरह युवा पीढ़ी के नसों में तेजी से दौड़ रहा है। जो गांव 3 दशक पहले तक अपनी शिक्षा के लिए जाना जाता था। उस गांव के युवा आज तेजी से नशे की जद में समा रहे है। जिसका एक मात्र कारण गांव के भीतर बसाहट के बीच संचालित होने वाली शराब दुकान है।

गांव में बैठक के दौरान महिलाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि गांव में अवैध तरीके से शराब ब्रिकी करने वालों पर 20 हजार और शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर 05 हजार रुपए जुर्माना तय किया गया है। यह जुर्माना गांव को नशामुक्त बनाने के लिए तैयार समिति के द्वारा वसूल किया जाएगा। इस समिति में गांव की 10 महिलाओं को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं गांव के सभी 20 वार्डों के प्रत्येक घर से एक महिला को जोड़ा जा रहा है ताकि महिलाएं जब अपने घर से नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए गांव की सड़क पर उतरे तो कोई भी इन महिलाओं का विरोध ना कर पाए।

शनिवार को जब प्रशासनिक अधिकारी महिलाओं के निवेदन पर संवाद के लिए ग्राम पंचायत भवन पहुंचे तो रेशमा बरमैया ने शराब के दुष्परिणाम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शराब की वजह से गांव में परिवारिक कलह की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। नशे से आर्थिक नुकसान होने के कारण ग्रामीण गरीबी की ओर बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि शराबी व्यक्ति कई तरह के सामाजिक अपराध करता है। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा और दुराचार की घटनाएं भी इसमें शामिल है।

खबर संक्षेप

## मनाई गई धूम धाम से महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वी जयंती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले कि प्रतिष्ठित संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन द्वारा ग्राम गोपालगंज के अग्रवाल लॉन में महान शिक्षाविद्,समाज सुधारक,क्रांतिवीर,महिला शिक्षा के सूत्रधार महात्मा ज्योतिबा गोविंद राव फुले की जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मचासीन अतिथियों के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष पिंजरिया ने सभा को संबोधित करते हुवे कहा कि आज के युग में भी जिनके कार्यों एवं सिद्धांतो को मानने की जरूरत है ऐसे क्रांतिवीर,महान समाज सुधारक ने अपने जीवन में महान तपस्या कर देश के लिए अपना जीवन न्योछावर किया है ऐसे व्यक्तित्व से आज भी हमको प्रकाश एवं प्रेरणा मिलती है हमे कुछ न कुछ उनके जीवन से सीखने की जरूरत है।

श्री गजानंद पंचेश्वर जी जिला महामंत्री जिला भाजपा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर सभा में अपने विचार रखते हुवे कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनाः सर्वे संतु निरामया की उक्ति आज के विकसित भारत में चरितार्थ होती है क्योंकि हमारे देश के संतो ने मानव धर्म को वरीयता दी खुद कष्ट सहे परन्तु समाज का कल्याण हमेशा चाहे आज महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 वी जयंती मनाने के पीछे का कारण यह है कि हमें हमारे समाज के महापुरुषों के द्वारा किए गए सद्कर्मों को अपने हृदय में आत्मसात करे।

## विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत योजना की योजना अनुसार छिंदवाड़ा विभाग की एकल एवं सामूहिक खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी के अंबेडकर सभागार में आयोजित किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के क्रीड़ा अधिकारी श्री देवेंद्र ठाकुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती जिला सिवनी के जिला सचिव श्री विनीत जी अग्रवाल ने की। विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री दीपक साहू, छिंदवाड़ा विभाग के विभाग समन्वयक श्री मनोज पुरी गोस्वामी, विद्यालय प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव, वरिष्ठ कबड्डी खिलाड़ी श्री संजय बघेल भी मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत मचासीन अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ व्याख्याता श्री प्रकाश गुप्ता ,श्री कृष्ण मुरारी दुबे एवं खेल प्रभारी श्री अर्जुन सिंह बघेल ने किया।

## सामूहिक णमोकार मंत्र जाप के साथ मनाया गया नवकार दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा। नगर के स्थानीय दिगंबर जैन मंदिर में जीतो के आह्वान पर नवकार दिवस अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सामूहिक रूप से महामंत्र का जाप किया। आयोजन की शुरुआत गुरुवार 9 अप्रैल की सुबह 8 बजे हुई, जहाँ मंदिर का वातावरण णमोकार मंत्र की ध्वनियों से गुंजायमान हो उठा। भक्ति के इस प्रवाह में लीन होकर समाज के लोगों ने सुबह 9.36 बजे तक निरंतर मंत्रोच्चार किया। इस सामूहिक जाप का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत आध्यात्मिक उन्नति के साथ-साथ विश्व कल्याण की मंगल भावना को जन-जन तक पहुँचाना था। उपस्थित श्रद्धालुओं जिसमें छपारा नगर के सकल दिगंबर जैन समाज के सभी वर्ग बच्चों,युवा महिला पुरुषों ने नवकार दिवस पर हिस्सा लिया।

# बाजार मे वसूली को लेकर खूनी संघर्ष, चले चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिले के घंसौर के मुख्य बाजार में शुक्रवार शाम वसूली को लेकर खूनी संघर्ष हो गया।
साप्ताहिक बाजार के दौरान ठेकेदार के लडक़ों और दुकानदारों के बीच हुई इस भिड़ंत में दो व्यापारियों पर चाकू से हमला किया गया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। बताया जा रहा है कि ठेकेदार के कर्मचारी बाजार में वसूली कर रहे थे। जब व्यापारी अमित नामदेव और गणेश नामदेव ने इस पर आपत्ति जताई, तो दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते ठेकेदार के लोग मारपीट पर उतारू हो गए और धारदार हथियार निकाल लिए। बीच बाजार में हुए इस हमले से भगदड़ मच गई।

### अस्पताल में भर्ती हैं घायल व्यापारी

स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायल व्यापारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, अमित और गणेश की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है, लेकिन उन्हें चोटें काफी आई हैं। घटना के बाद बाजार में काफी देर तक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

हंगामे की सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि इस मामले में आरोपी सौरभ शिवहरे और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि दोबारा ऐसी नौबत न आए।

# मंजूरी के बाद भी अधूरा सुकरी-थांवरी मार्ग, दो साल से लटका निर्माण, ग्रामीण परेशान ठेकेदार गायब

**छपारा। केवलारी विधानसभा क्षेत्र में जहां एक ओर 9 नए और 6 पुराने मार्गों को मंजूरी मिलने से विकास की उम्मीदें जगी हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।**



छपारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकरी से थांवरी मार्ग का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।जानकारी के अनुसार, इस मार्ग के लिए करीब 1.88 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। बावजूद इसके, निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया का निर्माण ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में महज दो दिनों के भीतर शुरू कर अधूरा छोड़ दिया गया। पिछले करीब चार महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे स्थिति और बिगड़ गई है। सडक़ पर साइड शोल्डर (किनारे) भी नहीं डाले गए हैं और जो डायवर्जन रोड बनाया गया है, वह भी मानकों के अनुरूप नहीं है। ऐसे में लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बरसात के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं।
इस कार्य के ठेकेदार मारूफ कुरैशी बताए जा रहे हैं, जिन पर काम अधूरा छोडक़र गायब होने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। कुल मिलाकर, यह मामला विकास कार्यों की जमीनी हकीकत पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# जंगल में युवक का शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**जिले के ग्राम बादलपार खुर्द निवासी शिवकुमार पाल, पिता विपतलाल पाल (40) का शव जंगल क्षेत्र में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार रात मिली इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।**



जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने जंगल में युवक का शव पड़ा देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की गई। मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक तौर पर हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस घटनास्थल से मिले तथ्यों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# सडक़ हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल

**सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में दोपहर करीब 3 बजे एक सडक़ हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार घंसौर से खमरिया की ओर जा रहा था। छितापार और खमरिया के बीच पहुंचने पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर से स्कूटी सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।
यह हादसा अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही और तेज गति के कारण हुआ बताया जा रहा है। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है।
इस घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सडक़ पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सडक़ हादसे में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली थी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और घायल के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

# वन विभाग ने बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए जंगल के विभिन्न हिस्सों में 20 कैमरा ट्रैप लगाए



**सिवनी** जिले के वन विकास निगम के बहरई परिक्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में दहशत है। गांगपुर गांव में घर के बाहर सो रहे एक नाबालिग पर तेंदुए ने हमला कर दिया, जिसे परिजनों की सतर्कता ने बचा लिया। इस क्षेत्र में महुआ बीनने के दौरान बाघ के हमलों में अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है। महुआ सीजन में जंगल जाने से डर रहे लोग बाघ के हमलों में डोरली निवासी विनोद उड़के सहित दो ग्रामीणों की मौत के बाद लोगों ने जंगल जाना बंद कर दिया है। वर्तमान में महुआ बीनने का सीजन होने के बावजूद ग्रामीण जान के खतरे और मवेशियों पर हमले की आशंका के कारण खेतों और जंगलों की ओर जाने से कतरा रहे हैं।20 कैमरा ट्रैप लगाकर बाघ की तलाश जारी वन विभाग ने बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए जंगल के विभिन्न हिस्सों में 20 कैमरा ट्रैप लगाए हैं। वन अमला नियमित गश्ती और सर्चिंग अभियान चला रहा है, हालांकि एक सप्ताह बीतने के बाद भी बाघ कैमरों में कैद नहीं हो सका है।लोकेशन मिलते ही पिंजरा लगाने की तैयारी वन परिक्षेत्र अधिकारी रवि गेडाम ने बताया कि बाघ की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सटीक लोकेशन मिलते ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएंगे। लगातार हो रही घटनाओं औरठोस समाधान न निकलने से स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।

# मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने हेतु राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों से ज्ञापन में शामिल होने की अपील

मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर खान सहाब भोपाल एवं प्रदेश महामंत्री शोएब राजा खान सहाब के निर्देश पर मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद सिवनी द्वारा माननीय प्रधानमंत्री एंव राष्ट्रपति एंव मुख्यमंत्री जी के नाम गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग का ज्ञापन देने जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद व्दारा समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि भारत में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर एकजुट होकर समर्थन प्रदान करें।
परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं कृषि व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रही है। विभिन्न धर्मों और समुदायों में गाय के प्रति सम्मान और उपयोगिता का विशेष महत्व है। गाय न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की जाएगी कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर उसे विशेष संरक्षण प्रदान किया जाए।
परिषद ने सभी धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों से आग्रह किया है कि वे इस जनहित के मुद्दे पर एकजुट होकर ज्ञापन कार्यक्रम में भाग लें और अपने-अपने स्तर पर समर्थन व्यक्त करें। इससे समाज में भाईचारा, सौहार्द एवं एकता को भी बढ़ावा मिलेगा।
ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम दिनांक 17/4/26 दिन शुक्रवार समय दोपहर 3 बजे कलेक्टर/तहसील कार्यालय सिवनी निर्धारित किया गया है।
अधिक जानकारी के लिए मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश महामंत्री शोएब राजा खान के मोबाइल न. 9424381836 पर एंव जिलाध्यक्ष साजिद खान के मोबाइल न. 62618 62472 पर संपर्क कर सकते है।

### आदेगांव गढ़ी तालाब पर की गई स्वच्छता, ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

# जल संरक्षण से मानव जीवन तो प्राचीन विरासतों के संरक्षण से मानव संस्कृति होगी संरक्षित-अंजली शाह

**लखनादौन।** मप्र शासन द्वारा प्रदेश में जल ईकाइयों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित है,इसी कड़ी में विकासखंड लखनादौन अंतर्गत ग्राम आदेगांव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं मप्र जन अभियान परिषद लखनादौन द्वारा आदेगांव की महत्वपूर्ण जल ईकाई गढ़ी तालाब के उदगम स्थल पर स्वच्छता का कार्य किया गया।जिसमें जिला पंचायत सीईओ की सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा श्रमदान दिया गया,कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम के गणमान्य जनों को चौपाल के माध्यम से पानी को बचाने ओर भूमिगत जल स्तर को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया तत्पश्चात आदेगांव गढ़ी तालाब में दीपदान किया गया और गढ़ी में स्थित भगवान श्री कालभैरव मंदिर में पूजन एवं क्षेत्र का भ्रमण किया गया जहां पर उपस्थित जन समुदाय को जल संरक्षण एवं हमारी प्राचीन विरासत गढ़ी के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह,लखनादौन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दीपक निगम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनादौन अर्जुन सिंह ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य सचिन पाटकर,जिला कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन संजय रस्तोगी, ग्राम पंचायत आदेगांव के जनप्रतिनिधि, सचिव, उपयंत्री एवं कर्मचारी गण,महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मप्र जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव,क्षेत्र की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के कार्यकर्ता, मप्र जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता, समाजकार्य के छात्र छात्राएं,समस्त सीएमसीएलडीपी परामर्शदातागण,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन नि:शुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर में हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन निःशुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर मे बतौर अतिथि सम्मिलित हुए। डॉ. हैनीमैन जयंती (विश्व होम्योपैथी दिवस) के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय आयुष विंग प्रांगण मे आयोजित निःशुल्क मेगा होम्योपैथी शिविर मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी के साथ बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। तथा सर्वप्रथम भगवान धनवंतरी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ कराया। इसके साथ ही आपने चिकित्सा जगत के महामनीषी डा. हैनीमैन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित अतिथियों का पुष्प मालाओं से अतिथि सत्कार किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने संबोधन मे सभी को विश्व होम्योपैथी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होम्योपैथी ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो न केवल बीमारी को जड़ से मिटाती है, बल्कि इसके कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होते। तथा यह मानवता के स्वास्थ्य कल्याण के लिए है।
आगे श्री राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सभी निरोगी रहे के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में आयुष पद्धतियों को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आप सभी से आग्रह है कि शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।
इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों आयुष विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और लाभार्थियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन आनंदम वाटर पार्क शुभारंभ कार्यक्रम मे शामिल हुए।

# ग्राम झिंझरई में दो एकड़ गेहूं की फसल बिजली की चिंगारी से जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले से 170 किलोमीटर सुदूर विकास खंड घंसौर के ग्राम झिंझरई में किसान नारायण सिंह पटेल, उपेंद्र पटेल ,अखिलेश पटेल के खेत में गेहूं की फसल बिजली के झूलते तार की चिंगारी से आग लग गई ओर देखते देखते फसल जल गई बिजली विभाग की उदासीनता के चलते फसल जाली झूलते तार कई बार मांग के बाद ठीक नहीं किए। वही फसल ओर गर्मी को देखते हुए बिजली बंद नहीं करना आग लगने का कारण हे बिजली विभाग की पूर्ण लापरवाही खसरा नंबर 25 रखवा 0.85 हेक्टर की फसल जलकर खाका होगी तत्काल फसल नुकसानी की मांग ग्रामीणों ने की वही ग्रामीणों की बड़ी मशक्कत से आग बुझाई गई भरना पूरे गाओ के किसानों की फसल जल जाती जिला प्रशासन से मांग हे कि किसान को तत्काल फसल का मुआवजा दिया जावे।



# आस्था, सेवा व समर्पण का स्वरूप, छुट्टी के समय किया परिश्रम

### कार्यालय में पुनः जगमग हुआ संकटमोचन धाम

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मन में मंदिर और हृदय में भगवान का वास होता है ऐसा धार्मिक ग्रंथों मे कहा जाता है। जब मन में किसी कार्य को करने के लिए इच्छा जागृत होती है तो उसे पूरा करने के लिए ईश्वर शक्ति भी प्रदान करता है। ईश्वर की भक्ति मानव की आस्था की प्रतीक होती है। ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय स्थित पुराने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का सामने आया जहां पर वर्षो से बना हुआ संकट मोचन हनुमान जी महाराज का मंदिर देखरेख ना होने के कारण जीर्ण शीर्ण हो रहा है। जबकि एक समय था जब कार्यालय लगता था तब आला अधिकारी आने व जाने के समय श्री हनुमान जी महाराज के दरबार पर भी अपनी हाजिरी लगाते थे। हालांकि बीएसी ब्रजेश नेमा की लगन व मेहनत से अब मंदिर को पुनः नया स्वरूप मिला है। बताया गया कि श्री नेमा द्वारा कार्यालय बंद होने के बाद एवं अवकाश दिन भी मंदिर मे अपना पूरा परिश्रम किया तथा आवश्यकता होने पर सामग्री का क्रय भी निजी व्यय वर किया गया। श्री नेमा के परिश्रम के कारण अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पूर्व की तरह आने व जाने की हाजिरी संकट मोचन श्री हनुमान जी महाराज के दरबार पर लगाई जाने लगी है।



**उपेक्षा का हुआ था शिकार**

पुराने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित श्री हनुमान जी महाराज का मंदिर जिम्मेदारों की उपेक्षा के कारण जीर्ण शीर्ण हो गया था। लेकिन कहते है जहां सच्ची श्रद्धा होती है वहां सेवा स्वंय मार्ग खोज लेती है। लेकिन जब भक्ति सच्ची हो, तो संकटमोचन स्वयं मार्ग प्रशस्त करते हैं। जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के कार्यालय के स्थानांतरित होने के पश्चात बीएसी ब्रजेश नेमा के मन में मंदिर सेवा का भाव जागृत हुआ। उन्होंने कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चरण मेहरा के साथ मिलकर न केवल मंदिर की व्यापक साफ-सफाई की, बल्कि रंग-रोगन कर उसे पुनः दिव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया। उक्त पहल मात्र एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण बन गई। श्री नेमा इस पुण्य कार्य को संकटमोचन हनुमान जी महाराज की कृपा मानते हैं। उक्त संबंध में विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ.पी. राय ने बताया कि इसे केवल कार्य न मानकर ईश्वर सेवा के रूप में पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाया। मंदिर पुनः स्वच्छ, सुंदर और श्रद्धा से ओत-प्रोत दिखाई देता है मानो संकटमोचन की कृपा से आस्था का दीप फिर से प्रज्वलित हो उठा हो।

## मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# टीईटी के विरोध में सड़क पर उतरे सैकड़ों शिक्षक





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

प्रदेश भर में शिक्षक टीईटी यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा का लगातार सड़क पर उतरकर विरोध कर रहे है। इसी कड़ी में शनिवार की शाम 05 बजे कटंगी में अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा संघ के तत्वाधान में सैकड़ों की संख्या में शिक्षक मुख्यालय की सड़क पर उतरे। इसके पहले यहां के सरकारी अस्पताल मैदान में एक सांकेतिक सभा का आयोजन किया गया। जहां पर शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा का खुलकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि वह परीक्षा देने से नहीं डर रहे है बल्कि यह आत्मसम्मान की लड़ाई है। शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने और नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने की मांग रखी है। शिक्षकों ने अस्पताल मैदान से नारेबाजी करते हुए पैदल 'शिक्षक स्वाभिमान रैली' निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम 02 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों का कहना है कि करीब दो दशक से निरंतर सेवा देने के बाद अब दोबारा परीक्षा थोपना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच नए सिरे से तैयारी करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। शिक्षकों ने कहा कि यह निर्णय शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाला और शिक्षकों की मांग को कमजोर करने के लिए लाया गया है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि अगर यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा संघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने कहा सरकार ने 25 साल पहले तत्कालीन भर्ती नियमों के तहत नियुक्तियां की थीं। अब नए आदेशों के तहत उन्हें अयोग्य बताकर टीईटी परीक्षा देने को कहा जा रहा है। इस आदेश से मध्य प्रदेश के लगभग लाखों शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक सकता है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला पिछले साल सितंबर में आया था, लेकिन 6 महीने बीतने के बावजूद सरकार ने अब तक कोई कानूनी कदम नहीं उठाया है। यह प्रदर्शन राज्य सरकार को सचेत करने के लिए किया गया है ताकि समय सीमा समाप्त होने से पहले याचिका दायर की जा सके। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मार्च 2026 में जारी आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए और प्रदेश के शिक्षकों को इस बाध्यता से राहत दी जाए। मध्य प्रदेश सरकार से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयb पर पुनर्याचिका के लगाने की मांग दोहराई, शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन में नवीन संवर्ग के शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग उठाई, जिसमे ग्रेच्युटी, पेंशन, अवकाश नगदीकरण, पदोन्नति-क्रमोन्नति आदि का लाभ मिल सके।



# 100 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नई गृहस्थी की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका ने 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में कुल 100 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नई गृहस्थी की शुरुआत की। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि दूल्हे करीब एक किलोमीटर तक पैदल बारात लेकर विवाह स्थल पहुंचे।

दोपहर करीब दो बजे बूढ़ी स्थित मरार माली भवन से गाजे-बाजे के साथ बारात रवाना हुई। इस बारात में भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे स्वयं शामिल हुए और दूल्हों का उत्साह बढ़ाया। डीजे की धुन पर थिरकते हुए बाराती तुरकर भवन पहुंचे, जहां नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन और पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। हालांकि, विवाह सामग्री के वितरण के दौरान शुरुआत में कुछ अव्यवस्था देखने को मिली, जिसे बाद में नगरपालिका अमले ने सुधारते हुए सभी जोड़ों तक सामान पहुंचाया।

आमंत्रण पत्र में नाम होने के बावजूद कुछ प्रमुख जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति भी कार्यक्रम में चर्चा का विषय बनी रही।

नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर और उपस्थित अतिथियों ने सभी नवदंपत्तियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। इस आयोजन का उद्देश्य गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह बिना किसी आर्थिक बोझ के गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराना था।

# आंगनबाड़ी साल्हे केंद्र क्रमांक 2 में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक महिला बाल विकास विभाग किरनापुर के मोरवाही सेक्टर के ग्राम साल्हे में शासन के निर्देशानुसार ग्राम-साल्हे सेक्टर मोरवाही परियोजना किरनापुर जिला अधिकारी निर्माणअनुसार माह अप्रैल 2026 में पोषणपरववाडा कार्यक्रम केन्द्र साल्हे में मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गतिविधियां। पोषण पे चर्चा की गई, गर्भवती, व धात्री माताऐ को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में शमिल थे। खान, पान, साफ-सफाई, बच्चों को संतुलित आहार देना चाहिए।इस कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना अधिकारी

श्रीमति अमृता कुजुर मेडम,सुपरवाइजर समोता मस्करे मेडम, मज्जा, व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजनी बिसेन व लोमेश्वरी उदयपुरे, राजवंती, नेहा चौरे अन्य सदस्य व ग्राम के सरपंच व उपसरपंच महोदय जी शामिल हुए। ये कार्यक्रम पूरे परियोजना में मनाया गया है।

भारत सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूपता फैलाने के लिए चलाया जाता है। आमतौर पर मार्च या अप्रैल में मनाया जाता है 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक मनाया जाएगा। जिसमें रैली के माध्यम से जागरूकता लाना है।

### पुनः बुकिंग कराने की अपील

# एलपीजी उपभोक्ताओं की 1 से 31 मार्च 2026 तक की गई बुकिंग निरस्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के समस्त एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि नवीन वित्तीय सत्र 2026-27 लागू होने के कारण तकनीकी प्रक्रियाओं में बदलाव किए गए हैं। गैस एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 मार्च से 31 मार्च 2026 के बीच की गई अधिकांश गैस रिफिल बुकिंग सत्र परिवर्तन के चलते स्वतः निरस्त हो गई हैं।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि जिन्होंने उक्त अवधि अर्थात 01से 31 मार्च 2026 की अवधि में गैस बुकिंग कराई थी, लेकिन अभी तक सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ है, वे अपनी संबंधित गैस एजेंसी, मोबाइल ऐप या अन्य माध्यमों से पुनः बुकिंग कराएं।

इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि जिन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं है, उन्हें आगामी समय में गैस रिफिल बुकिंग में परेशानी हो सकती है। इसलिए सभी हितग्राही शीघ्र अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत अब गैस सिलेंडर की डिलीवरी के समय ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं हैं, वे तत्काल अपनी गैस एजेंसी में संपर्क कर नंबर अपडेट कराएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जल संरक्षण हेतु श्रमदान कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बुदबुदा में जल चौपाल आयोजित



**बालाघाट।** जल संकट की चुनौती से निपटने एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला बालाघाट द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम बुदबुदा में प्रभावी जल चौपाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में आयोजित हुआ।

ग्राम बुदबुदा के बाजार परिसर स्थित तालाब के पास आयोजित जल चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे ग्राम स्तर पर व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित हुई।

चौपाल के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है।

विकासखंड समन्वयक श्री सुरेंद्र भगत ने अपने संबोधन में कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि इसे जनआंदोलन का रूप देना है। उन्होंने ग्रामीणों से जल स्त्रोतों की सुरक्षा, जल का विवेकपूर्ण उपयोग एवं वर्षाजल संचयन अपनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने तालाब को गांव का "अमृत कुंड" बताते हुए इसके संरक्षण हेतु सामूहिक श्रमदान का आह्वान किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी श्रीमती गायत्री सारथी ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण संभव है। चौपाल में ग्रामीणों को कुओं एवं हैंडपंपों की नियमित सफाई, वर्षाजल संचयन, सोखते गड्डों का निर्माण तथा जल के अपव्यय को रोकने जैसे व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी गई।

अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा श्री विनोद वट्टी ने कहा कि "गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में और घर का पानी घर में" रोकने के लिए सभी को वर्षभर प्रयास करने होंगे। सहायक यंत्री सुश्री सरोज सवैया ने भी ग्रामीणों से जल संरक्षण हेतु सामूहिक जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान तालाब में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया। अंत में सभी उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई।

# संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण से बढ़ेगी राजनीतिक भागीदारी, 16 अप्रैल से विशेष सत्र




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**केंद्र सरकार की ओर से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए जा रहे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर बालाघाट में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने अपनी राय साझा की।**

शनिवार को आयोजित एक प्रेसवार्ता में सांसद भारती पारधी सहित अन्य महिला प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया। सांसद भारती पारधी ने जानकारी दी कि केंद्र की मोदी सरकार 16 से 18 अप्रैल तक तीन दिवसीय विशेष सत्र आयोजित करने जा रही है। इस सत्र में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पेश किया जाएगा, जिससे देश की आधी आबादी को विधायी संस्थाओं में सीधा प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा।

महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना शुक्ला ने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से जब महिलाएं सदन में पहुंचेंगी, तो वे महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वरोजगार जैसे विषयों पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगी। अधिवक्ता साधना शुक्ला ने इसे नारियों के राजनीतिक उत्थान पर लगने वाली अंतिम मुहर करार दिया।

शिक्षाविद लता एलकर ने विश्वास जताया कि इस अधिनियम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ने के साथ-साथ उनकी आत्मनिर्भरता और अधिकारों में वृद्धि होगी, जिससे समाज में बेहतर संतुलन स्थापित होगा। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन सहित कई समाजसेवियों ने भी बिल की सराहना की।नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम और स्कूल प्राचार्य अलका चौधरी सहित उपस्थित सभी महिलाओं ने एक स्वर में आरक्षण बिल का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस कदम से महिलाएं समाज के निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक मजबूती से निभा सकेंगी।

# 30 वर्षीय युवक की फॉसी लगाने से मौत

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वार्ड नम्बर 6 में डॉ. चौधरी के मकान के पीछे निवास करने वाले एक 30 वर्षीय युवक धर्मेन्द्र पिता हरलाल फुलबॉधे द्वारा फॉसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। उसे किचन में पंखे के कुंदे में रस्सी से फॉसी लगा कर लटकते हुए उसकी बेटी इशू ने देखा, जिसने अपनी मॉ शिवानी को पिता के रस्सी से लटके होने की बात बताई। जिसके बाद शिवानी तत्काल किचन में पहुँची, तो अपने पति को रस्सी से लटकते हुए पाकर हतप्रद रह गई। उसने तत्काल पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। जिस पर पड़ोसियों ने आकर डायल 112 को घटना की सूचना दी। सूचना मिले पर डायल 112 के पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे और उन्होंने पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत मृतक धमेन्द्र के शरीर को फॉसी के फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लेकर गए। जहॉ पर चिकित्सक द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम किया गया।

जानकारी अनुसार धर्मेन्द्र के परिवार में उसकी पत्नि शिवानी के अलावा उसके माता-पिता, एक बेटा व एक बेटी तथा 2 भाई है। उसकी लालबर्रा रोड पर सेलून की दुकान थी। शुक्रवार की दोपहर में उसने अपने परिवार के साथ भोजन किया और फिर उसकी पत्नि घर के सामने के कमरे में आ गई थी। इसी दौरान धर्मेन्द्र ने किचन में जाकर फॉसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

चर्चा है कि गत दिनों ग्राम मेहंदीवाड़ा में एक कार द्वारा बाईक सवार दो युवकों को जबरदस्त टक्कर मार कर घायल कर दिया गया था। इस कार को हिमांशु तिरपुड़े नाम युवक चला रहा था और कार में उसका दोस्त धर्मेन्द्र फुलबॉधे भी था। इस दुर्घटना में घायल दो युवकों इरफान व सोहेल में से दो दिनों पूर्व सोहेल की मौत हो गई थी। जिसको लेकर धर्मेन्द्र बेहद तनाव में रह रहा था। वहीं इस मामले में उससे पुलिस द्वारा भी पूछताछ की जा रही थी। जिससे वह मानसिक रुप से परेशान था। संभवतः इसी तनाव के बीच उसके द्वारा फॉसी लगा कर आत्महत्या कर ली गई होगी। फिलहाल तो पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जॉच में लिया है।

# बालाघाट जिले के स्कूलों में मनाया जा रहा डॉ. आंबेडकर एवं संत रविदास जयंती उत्सव



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत जिले के समस्त विद्यालयों में 8 से 14 अप्रैल तक डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं संत रविदास जयंती उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों में सामाजिक समरसता, समानता एवं प्रेरणा के भाव विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

उत्सव के अंतर्गत डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं विचारों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जा रहा है। इसी क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर के विद्यार्थियों ने डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दर्शाती आकर्षक पेंटिंग्स तैयार कीं, जिससे छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा भी सामने आई। वहीं संत रविदास जयंती के अवसर पर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, परसवाड़ा में चित्रकला, नृत्य एवं नाटिका का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं ने संत रविदास के जीवन, उनके संदेश एवं समाज में समरसता की भावना को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रमों के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को डॉ. आंबेडकर एवं संत रविदास के आदर्शों—समानता, शिक्षा, भाईचारा एवं सामाजिक न्याय—के महत्व से अवगत कराया गया। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आयोजित इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई है।

### प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना की देन है, वारा रोड ओवर ब्रिज-विक्रम देशमुख

# कोसमी, भटेरा, शेरपार, अगासी व बालाघाट में भी बन रहा है आरओबी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शुक्रवार को वारा रेल्वे क्रासिंग पर नवनिर्मित ओवर ब्रिज के निर्माण का श्रेय लेने के लिए बचे हंगामे के बीच जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य विक्रम देशमुख ने विज्ञप्ति जारी कर एक नई बहस छेड़ दी है। उनके द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार रेल्वे द्वारा बनाए जा रहे रेल्वे ओवर ब्रिज किसी भी नेता के प्रयासों का परिणाम नहीं वरन् केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में राष्ट्रीय मास्टर प्लान फॉर मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना का परिणाम है। जिसके अंतर्गत देश के आर्थिक क्षेत्रों को रेलवे, बंदरगाह, जल मार्ग, सडक़, हवाई अड्डे और मास ट्रांसपोर्ट को निर्बाध गति व तरीके से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में रेलवे के क्षेत्र में देश में गेज परिवर्तन, विशेष भाड़ा रूट, हाई स्पीड ट्रेनें, नई रेल लाइने, स्टेशनों का जीर्णोद्धार, सुरक्षा और कुशल परिवहन पर फोकस किया गया है। रेल्वे द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर पूरे देश में मानव रहित रेल्वे क्रासिंग का निर्माण किया जाना है। जिसके तहत मुख्य सडक़ मार्गो को क्रास करने वाली रेल्वे लाईन के ऊपर ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज बनाने का कार्य चल रहा है।

इसके तहत ही बालाघाट जिले में गर्रा बालाघाट, कोसमी, भटेरा, शेरपार वारासिवनी, अगासी कटंगी, धानीटोला बुदबुदा और वारा में रेल्वे की मौजूदा रेल रोड क्रासिंग का जीआईएस मैपिंग किया गया था और उसके बाद इनके निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। इनमें से ग्राम वारा, कोसमी व अगासी के ओवर ब्रिज लगभग पूर्ण हो चुके हैं, वहीं गर्रा बालाघाट का कार्य शीघ्र ही पूर्ण होने वाला है। इनके अलावा



धानीटोला बुदबुदा बी के 38 पर अंडर ब्रिज का काम रुका हुआ है। वही जिला.सिवनी में भी रेलवे के सिवनी नागपुर रोड पर स्थित रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए मुख्य मानक ट्रेन व्हीकल यूनिट होता है। यदि रेल रोड क्रासिंग पर दैनिक एक लाख यूनिट के साथ-साथ भारी भीड़ का आवागमन होता है, तो रोड ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे बोर्ड और आर डी एस ओ की स्वीकृति उपरांत राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच खर्च बंटवारे की सहमति से शुरू होता है। जानकारी अनुसार केंद्र सरकार के द्वारा मैनड क्रॉसिंग को चरणबद्ध तरीके से आरओबी या आरयूबी अथवा डाइवर्सन निर्माण द्वारा वर्ष 2030 तक हटाने का लक्ष्य रखा गया है। वारासिवनी-बालाघाट मार्ग से गुजरने वाले मार्ग पर वारा रोड ओवर ब्रिज के निर्माण उपरांत क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस ली है। जिला पंचायत बालाघाट के पूर्व सदस्य इंजीनियर विक्रम देशमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सहमति उपरांत बालाघाट जिले में निर्मित और निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।यहॉ पर एक बात और गौर करने लायक है कि अगासी कटंगी में नवनिर्मित ओवर ब्रिज पर से आवागमन बिना किसी राजनीतिक रस्साकसी के प्रारंभ हो गया। इस पुल के निर्माण के श्रेय ना तो कटंगी क्षेत्र के पूर्व विधायक तामलाल सहारे ने लिया और ना ही वर्तमान विधायक गौरव सिंह पारधी ने लिया।

**नाम सुधार सूचना**

मै दिलीप कुमार बुररा पिता रमउ बुररा जाति हल्बा निवासी वार्ड नं. 03 साई मंदीर के समीप तिरोडी तहसील तिरोडी जिला बालाघाट म.प्र. शपथपूर्वक कथन करता हूँ मै उपरोक्त पते का स्थायी मुल निवासी हूं। मेरा वास्तविक नाम दिलीप कुमार बुररा पिता रमउ बुररा है जो मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखो व पहचान दस्तावेजो में DILIP KUMAR BURRA S/O RAMAU BURRA दर्ज अंकित चले आ रहा है, तथा मै अपने इसी नाम से जाना एंव पहचाना जाता हूँ। मुझे जारी भारी वाहन चालक लायसेंस क्र. MP50R-2021- 0095331 जारी किया गया है जिसकी वैद्यता दिनांक 14/05/2026 है। मुझे जारी उक्त लायसेंस क्र. में मेरा नाम दिलीप कुमार बावरे पिता रमउ (DILIP KUMAR BAWRE S/O RAMAU) दर्ज अंकित किया गया है जो कि त्रुटीपूर्ण है। अतएव मै दिलीप कुमार बुररा पिता रमउ तथा DILIP KUMAR BAWRE S/O RAMAU उक्त दोनो नाम का एक मै एक ही व्यक्ति हूं। अतएव मेरे समस्त पहचान दस्तावेजो में दर्ज नाम एंव जारी भारी वाहन चालक के लायसेंस में दर्ज नाम उक्त दोनो नामो में भिन्नता होने के कारण शासकीय कार्यो में बाधा उत्पन्न होती है। मै अपने भारी वाहन चालक के लायसेंस क्र. MP50R-2021- 0095331 में दर्ज नाम DILIP KUMAR BAWRE S/O RAMAU के स्थान पर पहचान दस्तावेजो में दर्ज नाम DILIP KUMAR BURRA S/O RAMAU BURRA दर्ज अंकित करवाकर लायसेंस में नाम सुधार करवाना चाहता हूं अतएव मेरे द्वारा शपथपत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

DD 378896